राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/1719/2023 दिनांकः–07 जून, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्य/प्रबन्धक,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः–विश्व रक्तदान दिवस पर छात्र/छात्राओं द्वारा रक्तदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक राजभवन के पत्र सं0–जी0–2149/2023/सा–1–50/जी0एस0/2020 दिनांक 01.06.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (प्रति संलग्न)।

संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के शिविर कार्यालय में 14 जून, 2023 को प्रातः 10:00 बजे एक रक्तदान शिविर का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें आपके महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान अपेक्षित है। उक्त के सम्बन्ध में आप अपने महाविद्यालय के अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करें, तथा रक्तदान करने हेतु कम से कम 25 छात्र/छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की ईमेल nssrmpssuniversity@gmail.com या 7302632933 पर दो कार्य दिवस में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इन छात्र/छात्राओं को 14 जून, 2023 को प्रातः 10:00 बजे विश्वविद्यालय के कैम्प कार्यालय, (कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता अनुसंधान मण्डल, दोदपुर, निकट सिविल लाइन थाना, अलीगढ़) में रक्तदान हेतु भेजना सुनिश्चित करें। सभी रक्तदान करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

भवदीय

06/6/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. प्रो0 अंजना कुमारी, समन्वयक, रोवर रेंजर्स, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. प्रो0 नीता वार्ष्णेय, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
4. डा0 पुष्पेन्द्र यादव, समन्वयक, एन0सी0सी0, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
5. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. प्रभारी वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
7. गार्ड फाईल।

सहायक कुलसचिव

V letter